शिविर को संबोधित करते हुए सचिव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस प्रत्येक वर्ष 15 सितंबर को दुनिया भर में लोकतांत्रिक मूल्यों, अधिकारों और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। लोकतंत्र केवल चुनाव प्रक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानव अधिकारों, स्वतंत्रता और नागरिक सहभागिता का प्रतीक है। लोकतंत्र की वास्तविक ताकत उसके जागरूक नागरिकों और मजबूत कानून व्यवस्था में निहित है।

उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक को अपने अधिकारों के साथ-साथ संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। वर्तमान समय में भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र माना जाता है। भारत में प्राचीन काल से ही लोकतांत्रिक मूल्यों की जड़ें मजबूत रही हैं।

भारत का संविधान हर नागरिक को बिना किसी भेदभाव के समान अधिकार, विचार अभिव्यक्ति की आजादी और मतदान का अधिकार देता है। साथ ही सचिव द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं को निःशुल्क कानूनी सहायता, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) की जनकल्याणकारी योजनाओं और मौलिक अधिकारों की जानकारी दी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग का कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित न रहे, इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सदैव तत्पर है।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर गौरी सेवक, राजकीय इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य चिन्तामणी वर्मा,प्रभारी पुलिस चौकी कमांद जुगल किशोर भट्ट, रिटेनर अधिवक्ता राजपाल सिंह मियां, अधिकार मित्र सोमवारी लाल सकलानी %निशान्त% समस्त शिक्षकगण एवं महाविद्यालय व राजकीय इंटर कालेज कमांद के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

active participation of citizens, respect for constitutional values, awareness of rights and responsibilities, and contribution towards a just and inclusive society.

During the programme, the participants were informed about the importance of **constitutional values, equality, freedom, justice and equal opportunities** for all citizens. They were encouraged to remain aware of their rights and duties and to actively participate in democratic processes. Emphasis was also laid on the importance of **social harmony, equality and respect for the rights of others** in strengthening democracy.

The programmes organized on the occasion of **International Day of Democracy** successfully created awareness among students and members of the public regarding the importance of democracy, constitutional values, fundamental rights and duties, equality, freedom and access to justice.



ALMORA



BAGESHWAR



CHAMOLI



CHAMPAWAT



DEHRADUN



HARIDWAR



NAINITAL



PAURI GARHWAL



PITHORAGARH



RUDRAPRAYAG



TEHRI GARHWAL



UDHAM SINGH NAGAR



UTTARKASHI



मोदी के जन्मदिन पर होगी विशेष पूजा

गढ़वाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 51वें जन्मदिन पर श्री बदरीनाथ और श्री केदारनाथ धाम में विशेष पूजा एवं धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि 16 सितंबर को मुख्यमंत्री धामी के जन्मदिन पर दोनों धामों में 51 आशीर्वाद दीप और 17 सितंबर को पीएम मोदी के जन्मदिन पर 76 आशीर्वाद दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे।

युवक ने अलकनंदा में लगाई छलांग, लापता

कर्णप्रयाग। मंगलवार को एक व्यक्ति ने कर्णप्रयाग में नए बस अड्डे के सामने अलकनंदा के ऊपर पहाड़ी पर चढ़ने के बाद नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और नदी में युवक की खोजबीन की। पुलिस ने बताया कि नदी में गिरने के बाद युवक नदी में तैर रहा था, बाद में वह तेज बहाव में बहकर लापता हो गया। पुलिस, एसडीआरएफ के खोजबीन में जुटे रहे।

चंदोला रांई में विधिक सेवा केंद्र शुरू

पौड़ी। अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर विकासखंड पौड़ी के ग्राम चंदोला रांई में मंगलवार को विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान नालसा विधिक सेवा केंद्र योजना-2010 के तहत विधिक सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सिविल जज नाजिश कलीम ने कई जानकारियां दीं।

गौचर में 18 को होगी मेले को लेकर बैठक

गौचर। चमोली जिले के गौचर में 14 से 20 नवंबर तक 74 वें राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेले का आयोजित होगा। मेले के सफल आयोजन एवं विचार-विमर्श किये जाने के लिए जिलाधिकारी चमोली की अध्यक्षता में प्रथम बैठक 18 सितंबर को मध्याह्न 12 बजे से स्थान राजकीय इंटर कॉलेज गौचर के सभागार कक्ष में बैठक आहूत की गई है।

आरोपी को देहरादून से किया गिरफ्तार

नई टिहरी। टिहरी पुलिस ने एनआई एक्ट के एक वारंटी को देहरादून के नेहरू कालोनी से गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में वारंटी को न्यायालय में भी पेश किया गया है। जहां से वारंटी को जेल भेज दिया गया है। वारंटी विजयपाल सिंह पुत्र भगत सिंह, निवासी सेक्टर-2, जीजी विधि विहार, थाना नई टिहरी, जनपद

As per the Data received from DLSAs, the consolidated report is as under:

S.N	District	Place	Total No. of Person Attended	Remark
1	Almora	Atal Utkrisht Govt. Inter College, Deenapani. Total 68 camps were organised by PLVs.	1769	Sensitized the students about topics such as the rule of law, freedom of expression, equality and the importance of democracy.
2	Bageshwar	Lt. Chandra Singh Sahi Govt. College and village Syaldey.	433	Legal Literacy and Awareness Camp. Total 16 camps were organised by PLVs.
3	Chamoli	Govt. Girls Inter College.	719	Legal Literacy and Awareness Camp. Total 15 camps were organised by PLVs.
4	Champawat	Govt. Inter College, Barakot.	678	Legal Literacy and Awareness Camp. Total 16 camps were organised by PLVs.
5	Dehradun	At various places.	1050	Legal Literacy and Awareness Camp. Total 24 camps were organised by PLVs.
6	Haridwar	SMJN(PG) College Govind Puri.	2223	Legal literacy and Awareness camp. Total 59 camps were organised by PLVs. Distributed brochures in public area and market places.
7	Nainital	At various places.	730	T Legal Literacy and Awareness Camp. Total 16 camps were organised by PLVs.
8	Pauri Garhwal	At various places.	638	Legal Literacy and Awareness Camp. Total 26 camps were organised by PLVs.
9	Pithoragarh	Govt. Inter College, Bichul, Pithoragarh.	36	Legal Literacy and Awareness Camp with objective to promote the principal of democracy, human rights, freedom and equality.
10	Rudraprayag	Govt. Inter College, Tilaknagar, Rudraprayag.	669	Legal Literacy and Awareness Camp were organised in villages and made aware of the value of their vote and democratic rights in a strong democracy. Total 25 camps were organised by PLVs.
11	Tehri Garhwal	P.G. College kamand	1942	Total 10 camps were organised by PLVs. A debate competition was organised on the topic of democracy in the colleges.
12	Udam Singh Nagar	Balika Inter College, Kiccha.	180	Awareness about fundamental principal of democracy including civil rights, the rule of law. Equality, justice and active participation in the democracy process.
13	Uttarkashi	Villege- Tunalka	1734	Total 79 camps were organised by PLVs.

Multipurpose Camps (6th September, 2026)

On **6th September, 2026** under the chairmanship of Hon'ble Shri Justice Manoj Kumar Gupta, Chief Justice, High Court of Uttarakahand, Hon'ble Shri Justice Manoj Kumar Tiwari, Executive Chairman, UKSLSA, Hon'ble Shri Justice Rakesh Thapliyal, Judge, Hon'ble High Court of Uttarakhand, organized a **Multi-Purpose Camp at Jai Community Centre, Selaqui and P.M. Shri Shaheed Satyendra Chauhan Atal Utkrisht Inter College, Selaqui, Dehradun.**

Hon'ble the Chief Justice therefore inspected more than 40 stalls set up by Government Department set up by Govt. Department and NGOs. Special inspection was made of health camps organized by Graphic Era, Seema Dental College and Rahi Netradham.

The participating departments:

- Social Welfare Department,
- Medical Department,
- Udyan Vibhag,
- Food Supply Department,
- Animal Husbandry Department,
- Police Department,
- NDRF/SDRF.





Health department conducted sugar, BP, Hemoglobin, ECG check-up and free medicine distribution, dental check-up and eye check-up with distribution of spectacles.

More than **2000 beneficiaries** were benefitted through schemes and services of various departments and **more than 3500 persons** participated in the camp.

Outcome of Camp

The camp also served as a platform for disseminating information regarding government benefits, certification procedures, legal services and welfare schemes. The beneficiaries were benefited from the services provided, while the participating students and members of the public were motivated by the addresses of the Hon'ble Judges and other dignitaries.



तापमान (6 सितंबर) 28.6° अधिकतम 23.2° न्यूनतम | सूर्य अस्त (आज) 06:35 उदय (कल) 05:57 | आर्द्रता 97%

विकासनगर जागरण

उड़ता पंजाब मूवी की तरह नशे में बर्बाद न हो नई पीढ़ी

डीएलएसए देहरादून ने सेलाकुई में लगाया शिविर, मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता ने लोगों को किया संबोधित

संवाद सूत्र जागरण ● सेलाकुई: उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि नई पीढ़ी उड़ता पंजाब मूवी की तरह नशे में बर्बाद न हो, इसके लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। अभिभावकों को बच्चों पर विशेष ध्यान देना होगा।

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून ने रविवार को जय कम्युनिटी सेंटर सेलाकुई व पीएम श्री शहीद सत्येंद्र चौहान अटल उत्कृष्ट इंटर कालेज सेलाकुई के सहयोग से शिविर आयोजित किया। इसमें मुख्य न्यायाधीश ने एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की ओर से प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक की सराहना करते हुए कहा कि कलाकारों ने नशे के दुष्परिणामों को अत्यंत ही प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा दिलाई।

इससे पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर शुरू किया। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग देहरादून के कलाकारों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं लोक नृत्य प्रस्तुत किया।

मुख्य न्यायाधीश एवं अन्य न्यायमूर्तियों ने चार विद्यालयों को कंप्यूटर, यूपीएस एवं प्रिंटर, पांच विद्यालयों को आरओ प्रदान किए। वर्ष 2025-26 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिए गए। जरूरतमंदों को स्कूल बैग, स्टेशनरी, ट्रैक सूट, कंबल, मेडिकल किट, म्हालाक्ष्मी किट और बेबी किट वितरित की गई। शिविर की स्वच्छता में सहयोग करने वाले 12 पर्यावरण मित्रों को भी सम्मानित किया गया। शिविर में 40 से अधिक सरकारी विभागों एवं गैर-सरकारी संस्थाओं की ओर से स्टाल लगाए गए। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता ने विभिन्न स्टाल का निरीक्षण कर विभागों की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं और योजनाओं की जानकारी ली। शासकीय एवं, सीमा डेंटल कालेज व राही नेत्रधाम की ओर से लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का भी निरीक्षण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सीमा डुंगराकोटी ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग तक न्याय एवं सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अरुके खुल्बे, सदस्य सचिव उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल प्रदीप कुमार मणि, जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल, आर एसीसिएशन देहरादून के अध्यक्ष अनिल कुकरेती, सचिव अजय बिष्ट आदि मौजूद रहे।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता फाउंडेशन अध्यक्ष न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल सेलाकुई में बहुद्देशीय विधिक सेवाएं एवं जागरूकता शिविर का शुभारंभ करते हुए ● जागरण

सेलाकुई में बहुद्देशीय विधिक सेवाएं एवं जागरूकता शिविर में प्रस्तुति देते कलाकार ● जागरण

सेलाकुई में विधिक सेवाएं एवं जागरूकता शिविर में मौजूद न्यायिक अधिकारी व अन्य ● जागरण

The Multi-Purpose Camp organized at Jai Community Centre, Selaqui and P.M. Shri Shaheed Satyendra Chauhan Atal Utkrisht Inter College, Selaqui, Dehradun was a significant initiative towards ensuring **grassroots-level access to justice, legal awareness, government welfare schemes and essential public services**. The participation of various departments and organizations helped establish greater coordination for extending services to the public.

The camp conducted successfully with wide public participation and inter-departmental coordination and therefore, contributed meaningfully towards the objectives of the NALSA's and UKSLSA's objective to facilitate access to justice and welfare services for all sections of society.



- Computer, UPS and Printer to 4 Schools.
- RO/Water purifier- 5 Schools.
- Tablets to class 10th and 12th for the year 2025-26.



- Wheelchairs.
- Mahalakshmi Kits.
- Crutches.
- Walker.
- Hearing Aids.



- School Bags and Stationary.
- Track suits, Blankets and Medical Kits.



- Felicitation: 12 Paryavaran Mitras who cooperated in cleanliness of the camps were felicitated.

Multipurpose Camps (27th September, 2026)

In compliance with the directions issued by the Uttarakhand State Legal Services Authority, Nainital, the District Legal Services Authority, Chamoli organized a **Multi-Purpose Legal Awareness and Literacy Camp** on **27th September, 2026 at Government College, Gopeshwar**, under the chairmanship of Hon'ble Mr. Justice Manoj Kumar Tiwari, Executive Chairman, Uttarakhand State Legal Services Authority, Nainital**.**



The camp was inaugurated in the gracious presence of Hon'ble Mr. Justice Alok Mahra, Judge, High Court of Uttarakhand, Nainital, Shri Pradeep Kumar Mani, Member Secretary, Uttarakhand State Legal Services Authority, Nainital; Shri Bindhyachal Singh, District Judge, Chamol, Shri Gaurav Kumar, District Magistrate, Chamoli, along with other judicial officers, administrative officers, departmental officials, staff members, Para-Legal Volunteers and Adhikar Mitras.

During the camp, as part of the **Nasha Mukt Bharat Abhiyan**, **Akshat Natya Sanstha** presented a street play on the theme of **drug de-addiction and prevention of substance abuse**. The street play effectively highlighted the harmful effects of drug abuse and the importance of staying away from intoxicating substances.



The presentation was well appreciated by the members of the public. Approximately **1,490 persons** participated in the camp.



The **Agriculture Department** provided information relating to modern agricultural techniques, improved methods of cultivation, seed distribution and various schemes for farmers. The **Animal Husbandry Department** disseminated information regarding schemes and facilities available for livestock and animal husbandry. The **Social Welfare Department** provided information regarding **scholarships, disability pensions, widow pensions** and other welfare schemes. The **Women Empowerment and Child Development Department** provided information regarding the **Mahalakshmi Kit Scheme** and various welfare schemes for women and children.

The **Police Department** sensitized the public regarding **cyber safety, the Protection of Children from Sexual Offences (POCSO) Act, women's rights and various helpline numbers** available for assistance.



At the conclusion of the programme, the Hon'ble Juges also **inspected the stalls established by various departments** and took information regarding the activities being undertaken by them and the services being provided to the general public. The Multi-Purpose Legal Literacy/Awareness Camp successfully served as an effective platform for creating legal awareness among the public and disseminating information regarding various government welfare schemes, legal services and public welfare initiatives



- Wheelchairs distributed-2
- Atal awas- 7
- Walker- 2
- Hearing Aid-13

- Crutches-8
- Mahalaxmi Kits-7
- Sitting Pot- 4
- UDID Pension Crad-8





- Street Light- 26
- Free Eye check-up camp and medicine distribution.

- Free Medical Camp.
- Bank Check Distribution.
- Blankets Distribution.



Miscellaneous Programmes & Activities













काशीपुर/उधम सिंह नगर
1 सितंबर 2026 दिन र
मंगलवार

सुरागी लाल
—आपकी आवाज, आपकी खबर!—
सच के साथ, समाज के लिए
स्थानीय समाचार 02

किसान इंटर कॉलेज कुंडेश्वरी में विधिक जागरुकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

माननीय सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती ममता पंत ने छात्र-छात्राओं को विधिक अधिकारों एवं नशे के दुष्परिणामों के प्रति किया जागरुक

काशीपुर। उच्चतम राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उधम सिंह नगर के तत्वावधान में मंगलवार, 01 सितंबर 2026 को किसान इंटर कॉलेज, कुंडेश्वरी, तहसील काशीपुर में विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन **माननीय सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उधम सिंह नगर श्रीमती ममता पंत जी के** मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में सफलतापूर्वक किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा माँ सरस्वती की सुंदर प्रस्तुति भी दी गई।

बच्चों को दिए महत्वपूर्ण संदेश

माननीय श्रीमती ममता पंत जी द्वारा शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को पॉक्सो एक्ट, महिला अधिकार, नालसा की विभिन्न विधिक योजनाओं, नालसा टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उचित विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।



इसके साथ ही माननीय श्रीमती ममता पंत जी ने छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन अपनाने की सलाह दी।

मेगा ड्राइव चरण-1 की जानकारी

माननीय सचिव महोदया द्वारा मेगा ड्राइव चरण-1 के संबंध में भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि ग्राम हरिनगर, ढकिया कला में मेगा ड्राइव चरण-1 कार्यक्रम की शुरूआत 25 अगस्त 2026 से हो गई है। इसके अंतर्गत पैरा लीगल वालंटियर्स (PLV) द्वारा लगातार डोर-टू-डोर जाकर ग्रामीण लोगों की जमीनी स्तर से जुड़ी समस्याओं को दर्ज किया जा रहा है तथा संबंधित विभागों के माध्यम से उन समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जा रहा है।



विभिन्न विभागों की रही सहभागिता

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। पुलिस विभाग से श्रीमती मीना रावत, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र /एल.डी. भट्ट राजकीय चिकित्सालय, काशीपुर से डॉ. सत्यम चौहान (एमबीबीएस) सहित स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं लोगों को अपने-अपने विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गई।

60 से 70 छात्र-छात्राओं का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

शिविर के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय जांच की गई। लगभग 60 से 70 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा चिकित्सकीय आवश्यकता के अनुसार उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया।

श्रम विभाग एवं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा लगभग 10 से 15 आवेदनों में आई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। इससे उपस्थित लोगों को विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में सहायता मिली।



कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित लोगों के साथ साझा की गई। शिविर में काशीपुर क्षेत्र के समस्त पैरा लीगल वालंटियर्स (PLV) उपस्थित रहे।

सबसे तेज प्रधान टाइम्स

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने ग्राम एक्कड़ कलाँ में किया साप्ताहिक निरीक्षण

सचिन आर्य

हरिद्वार(सबसे तेज प्रधान टाइम्स)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार श्री नरेंद्र दत्त जी के आदेशानुसार, सिविल जज (एस0डी0)/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरिद्वार श्रीमती सिमरनजीत कौर द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार द्वारा चलाए जा रहे 60 दिवसीय विशेष अभियान मेगा ड्राइव के तहत सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार, श्रीमती सिमरनजीत कौर द्वारा ग्राम एक्कड़ कलाँ में साप्ताहिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान अधिकार मित्र/पीए एल0 सी0 के द्वारा किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की गयी एवं उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, इस दौरान सचिव द्वारा पंचायत घर अंबेडकर भवन ग्राम में आगामी 8 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाले बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं समाधान शिविर की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। इस मीटिंग में जिला पंचायती राज अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी तथा ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। सचिव द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए कि ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु विधिक विभागों के विभागाध्यक्ष एवं प्रतिनिधि शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। निरीक्षण अभियान के अंतर्गत सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार ने ग्राम एक्कड़ कलाँ, सराय क्षेत्रों का भ्रमण किया. भ्रमण के दौरान स्थानीय नागरिकों द्वारा बताई गयी विभिन्न समस्याओं को सुना गया तथा समाधान हेतु उचित विधिक सलाह प्रदान करायी गयी, इस निरीक्षण और बैठक के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की रिटेनर अधिवक्ता कजल सैनी व इंटर्शिप कर रहे लॉ इंटर्नस उपस्थित रहे, जिन्हें विधिक जागरूकता के संबंध में प्रत्यक्ष अनुभव कराया गया। वहीं दूसरी ओर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरिद्वार श्रीमती सिमरनजीत कौर की अध्यक्षता में जिले के सभी अधिकार मित्रों की मासिक बैठक आहूत की गयी। माह अगस्त के किए गए कार्यों की समीक्षा की गयी तथा माह सितंबर 2026 के प्लान ऑफ एक्शन के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करायी गयी तथा माह सितंबर में होने वाली गतिविधियों के बारे में अधिकार मित्रों को उचित दिशा निर्देश दिए गए। उसके उपरांत सांय 4 बजे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार द्वारा कार्यालय में प्रिवेंशन ऑफ फूड एंड एक्सपायरी आइटम से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की जिसमें डूग इंस्पेक्टर, फूड इंस्पेक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग से प्रतिनिधि आए थे जिसमें उनके द्वारा माह अगस्त में किए गए कार्यों की समीक्षा की गयी, बैठक में लॉ इंटर्न भी उपस्थित थे जिससे इंटर्न को विधिक जागरूकता के संबंध में प्रत्यक्ष अनुभव कराया गया तथा आइटम की मासिक बैठक के जोड़ियों के बारे में बताया गया तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बैठक में उपस्थित विभागों से संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों को उचित निर्देश दिए।



शिविर में बने राशन कार्ड 49 की हुई स्वास्थ्य जांच

प्राधिकरण की ओर से ग्राम एक्कड़ कलां में आयोजित हुआ शिविर

संवाद न्यूज एजेंसी

रोशनाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने ग्राम एक्कड़ कलां में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता व समाधान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में ग्रामीण जनता की 119 समस्याओं के आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। यह शिविर जनपद न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र दत्त के आदेशानुसार आयोजित हुआ।

सिविल जज और प्राधिकरण की सचिव सिमरनजीत कौर ने इसकी अध्यक्षता की। पंचायत भवन में आयोजित मेगा शिविर में स्वास्थ्य, ग्राम पंचायत, स्वास्थ्य आपूर्ति, राजस्व और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बहादरगढ़ के चीडीओ मानस मित्तल अपनी टीम के साथ मौजूद थे। ग्राम प्रधान एकता पटेल भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।

इसमें खाद्य आपूर्ति विभाग ने मौके पर ही 20 आवेदकों के राशन कार्ड तैयार किए। समाज कल्याण विभाग ने दो व्यक्तियों की समस्याओं का समाधान किया।



एक्कड़ कलां में विधिक साक्षरता एवं समाधान शिविर का हुआ आयोजन। फोटो : जागरूक चौहान

कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

विभाग ने वृद्धा पेंशन और दिव्यांग पेंशन जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। स्वास्थ्य विभाग ने 49 व्यक्तियों की चिकित्सा जांच की। इसमें शुगर और बीपी की सामान्य जांच शामिल थी। ग्राम पंचायत विभाग ने भी जनता की कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर लॉ इंटर्न शोभी ने मौजूद लोगों को जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा का अधिकार अधिनियम पर विस्तार से बताया। शोभी ने शिक्षा के महत्व और उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी और अधिकार मित्र उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना था।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के प्रयासों से बिहार से भटककर आई अज्ञात बालिका अपने परिवार से मिली

पांच माह बाद परिवार से मिलकर बालिका की खुशी का ठिकाना नहीं रहा

नैनीताल, 9 सितंबर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के अथक प्रयासों से घर से भटक कर बिहार से हल्द्वानी पहुंची एक अज्ञात बालिका आखिरकार पांच माह बाद अपने परिवार से मिल गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के प्रयासों से बालिका के परिजनों का पता लगाया गया और बुधवारो को उसे सकुशल उसके पिता एवं बड़े भाई के सुपुर्द कर दिया गया।

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के आदेशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल की सचिव एवं सिविल जज सीनियर डिवीजन श्रीमती पारुल थपलियाल के निर्देशन में पैरा लीगल वालंटियर श्रीमती उमा भंडारी द्वारा नारी निकेतन हल्द्वानी में रह रही एक अज्ञात बालिका की पहचान और उसके परिजनों को तलाशने के लिए लगातार प्रयास किए गए।

बताया गया कि यह बालिका 2 अप्रैल 2026 को बिहार से हल्द्वानी पहुंची थी। वह अपना नामा, पता अथवा अपने किसी परिजन के संबंध में कोई जानकारी देने में असमर्थ थी। पहचान संबंधी दस्तावेज और आधार कार्ड की जानकारी उपलब्ध न होने के कारण परिजनों की तलाश में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।



बालिका अपने पिता एवं बड़े भाई के साथ।

लगातार प्रयासों के बाद बुधवार 9 सितंबर 2026 को बालिका को सकुशल एवं स्वस्थ अवस्था में उसके पिता और बड़े भाई के सुपुर्द कर दिया गया।

लंबे समय बाद अपनी बेटी को वापस पाकर परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस मानवीय पहल और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सफल प्रयास ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सही दिशा में किए गए निरंतर प्रयास किसी बिछड़े हुए व्यक्ति को उसके अपनों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

रुवार को बुजुर्गों को सम्मानित करते रानीपुर विधायक आदेश चौहान। • हिन्दुस्तान

वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर

हरिद्वार। पंजाब नेशनल बैंक के सहयोग से शिवालिक नगर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण व सेवा समिति का स्थानीय होटल में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएनबी बैंक के मंडल प्रमुख रंजन प्रकाश उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सिमरनजीत कौर व पीएनबी के मुख्य प्रबंधक अनिल चौहान ने सहभागिता की। समारोह में समिति के संरक्षक मंडल कुंवर पाल सिंह चौहान, विजय कुमार गोयल व अनिल कुमार समेत वरिष्ठ नागरिक और अतिथिगण उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, संघर्ष और जीवन की सीख आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक हैं।

सबसे तेज प्रधान टाइम्स

एसएमजेएन पीजी कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

सचिन अहर्ष

हरिद्वार (सबसे तेज प्रधान टाइम्स)। 15.09.26 को एस. एम. जे. एन. (पी.जी.) कॉलेज हरिद्वार में विधिक जागरूकता न साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती नीतू जोशी, न्यायाधीश (उच्चतर न्यायिक सेवा), अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत हरिद्वार उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 सुनील बजा जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया, कॉलेज की छात्रा लक्ष्मी द्वारा मधुर स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर कॉलेज में भारतीय लोकतंत्र के समक्ष चुनौतियाँ एवं सुझाव विषय पर छात्र-छात्राओं व ला इंटर्न्स द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। इसी क्रम में रश्मि कुमार सैमानी डिप्टी एल.ए.यू.डी.सी. के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के विषय पर भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था व संवैधान में उल्लिखित जीलिक अधिकारों के संबंध में न जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों के बारे में बताया। प्राचार्य द्वारा भी भारतीय लोकतंत्र के सम्बन्ध में सम्बोधन करते हुए कहा कि लोकतंत्र केवल एक शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिकों की सक्रिय



यहभागिता, संवैधानिक मूल्यों के सम्मान और अपने अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता का नाम है। मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन में लोकतंत्र में न्यायपालिका की भूमिका व न्यायपालिका की कार्यप्रणाली के बारे में बताया तथा स्थायी लोक अदालत हरिद्वार के बारे में उसकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी, जिसमें स्थायी लोक अदालत में वाद दायर करने के संबंध में जो मामले पब्लिक यूटिलिटी सर्विस (लोक उपयोगी सुविधा सेवा) से संबंधित जिनका मूल्यांकन 1 करोड़ रुपये तक हो, जैसे- यातु, सड़क, जलमार्ग द्वारा यात्रियों या माल के वहन के लिए यात्रापात सेवा, डाक या तार या टेलीफोन सेवा, ऐसा संस्थान जो जनता को बिजली प्रकाश या जल प्रदान करता है, लोक सफाई या स्वच्छता प्रणाली, अस्पताल व औषधालय में सेवा, बीमा सेवा और बैंकिंग सेवा, शैक्षिक व शैक्षणिक संस्थानों, आवास व भू संपदा सेवा आते हैं ऐसे मामले स्थायी लोक अदालत में गोजित किए जा सकते हैं।

अध्यक्ष द्वारा यह भी जानकारी प्रदान कराई गयी कि अब स्थायी लोक अदालत में वाद को सुनवाई पक्षकारों के निर्णय पर वीसी (VC) के माध्यम से भी की जा सकती है और ईमेल के माध्यम से भी वाद गोजित किए जा सकते हैं। मुख्य अतिथि व प्राचार्य द्वारा कॉलेज को प्रोफेसर डॉ0 पूर्णिमा शर्मा द्वारा न्यूट्रेशन एंड स्पेशलिटी फूड्स विषय पर लिखित पुस्तक का विमोचन किया तथा डॉ0 पद्मावती तनेजा की पुस्तक बैंकिंग गुरुमित को आई, के. इस, लिस्ट में सम्मिलित किए जाने पर सम्मानित किया गया और मुख्य अतिथि द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार द्वारा स्थापित लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया तथा नि:शुल्क विधिक सेवा उपलब्ध कराए जाने में सहयोग प्रदान किये जाने के संबंध में भी कॉलेज प्रशासन की प्रशंसा की। कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, पर्यावरण प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, लीगल एड सेल व हिन्दी विभाग तथा मानव कल्याण के संयुक्त तत्वावधान में 0 सितम्बर से 15 सितम्बर तक आयोजित किए गए हिन्दी सप्ताहरूव के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक, एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा था, उनका भी आज समापन हुआ तथा इस महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि व प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र व रोचक पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। आज के इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ0 आशा शर्मा व मीना शर्मा ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यापकगण डॉ0 सरोज शर्मा, डॉ0 पूर्णिमा सुन्दरियाल पर्व डॉ0 मीनाक्षी शर्मा, डॉ0 शिव कुमार चौहान, डॉ0 सुषमा न्यायल, डॉ0 लता शर्मा, डॉ0 अनुरूप, डॉ0 पूनीता शर्मा कॉलेज का समस्त स्टाफ व भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर इतिहास विभाग के प्रोफेसर डॉ0 संजय कुमार गहेरी ने सफल कार्यक्रम शैली पर सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजकीय विद्यालय में दी कानूनी जानकारी

पिथौरागढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछुल में विश्व लोकतंत्र दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जिला विधिक सेव प्राधिकरण की सचिव मंजू देवी ने कानूनी जानकारी साझा की। संवाद

अल्मोड़ा/बागेश्वर जागरण

एक्सपायरी दवा और खाद्य पदार्थ बेचने पर होगी कार्रवाई

जागरण संवाददाता, बागेश्वर : नवरात्र और दशहरा पर्व के दौरान एक्सपायरी दवाओं और खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता कुमारी ने औषधि निरीक्षक, खाद्य सुरक्षा अधिकारी और कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष के साथ आनलाइन बैठक की। इस बैठक में मेडिकल स्टोर, मिठाई की दुकानों और जनरल स्टोरों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

सचिव ने औषधि निरीक्षक को समय-समय पर मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष को अपने सदस्यों को एक्सपायरी दवाओं की बिक्री न करने और चिकित्सक की सलाह के बिना दवा न बेचने के लिए निर्देशित करने को कहा गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने बैठक में बताया कि कोट भ्रामरी मेले में दुकानों की जांच की गई है।

देहरादून/हरिद्वार, 16 सितंबर, 2026 दैनिक जागरण III

छात्र-छात्राओं को दी लोक अदालत की जानकारी

जागरण संवाददाता, हरिद्वार : एसएमजेएन पीजी कालेज हरिद्वार में विधिक जागरूकता व साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में स्थायी लोक अदालत की अध्यक्ष नीतू जोशी और कालेज के प्राचार्य डा. सुनील बजा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर कालेज में भारतीय लोकतंत्र के समक्ष चुनौतियों एवं सुझाव विषय पर छात्र-छात्राओं व ला इंटर्न्स ने भी अपने विचार व्यक्त किए गए।

एसएमजेएन पीजी कालेज में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर

मुख्य अतिथि नीतू जोशी ने कहा कि स्थायी लोक अदालत में ऐसे मामले सीजित किए जाते हैं, जिनका मूल्यांकन एक करोड़ रुपये तक हो। जिनमें जैसे जल, सड़क, जलमार्ग से यात्रियों या माल के वहन के लिए यातायात सेवा, डाक या तार या टेलीफोन सेवा, बीमा सेवा और बैंकिंग सेवा, शैक्षिक व औषधीय संस्थानों, आवास व भू संपदा सेवा आते हैं।



पैडुल गांव में खुला विधिक सेवा केंद्र, ग्रामीणों को गांव में ही मिलेगी नि:शुल्क कानूनी सहायता

गबर सिंह भण्डारी

हरिद्वार/पौड़ी/श्रीनगर गढ़वाल (सबसे तेज प्रधान टाइम्स)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के मेगा अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से ग्रामसभा पैडुल में विधिक सेवा केंद्र की स्थापना की गयी। प्राधिकरण की सचिव एवं सिविल जज नाज़िश कलीम ने केंद्र का उद्घाटन किया। केंद्र के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को अब गांव में ही नि:शुल्क विधिक सहायता और कानूनी परामर्श उपलब्ध हो सकेगा। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने ग्रामीणों को नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया,उनके विधिक अधिकारों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के मेगा अभियान का उद्देश्य विधिक



सेवाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाना है, ताकि आर्थिक अथवा अन्य कारणों से कानूनी सहायता प्राप्त करने में असमर्थ पात्र लोगों को नि:शुल्क विधिक सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही आवश्यकता के अनुसार कानूनी सलाह एवं सहायता उपलब्ध करायी जाएगी। केंद्र की स्थापना से ग्रामीणों को छोटी-छोटी कानूनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता भी कम होगी। इसके साथ ही पात्र लोगों को विभिन्न विधिक योजनाओं से जोड़ने तथा जरूरतमंदों को समय पर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने में केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में ज्येष्ठ उप प्रमुख पौड़ी अर्चना तोपाल,रिटेनर अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह रावत,ग्राम प्रधान पैडुल रीमू देवी,ग्राम प्रधान मोल्ठी हरेन्द्र सिंह,अधिकार मित्र सावित्री रावत,सोनम ममगाई सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी

पिथौरागढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज शैलकुमारी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मंजू देवी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण की 2018 की मुआवजा योजना, उत्तराखण्ड यौन उत्पीड़न / अन्य अपराधों की महिला पीड़ितों के लिए उत्तरजीवियों मुआवजा योजना के बारे में जानकारी दी। सचिव ने मुख्य उद्देश्य पीड़ितों को सम्मानपूर्वक जीवन और त्वरित न्याय दिलाना है।